हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

11 तालाब और पंचायती भूमि से कब्जे हटाने की तैयारी



12 13 फरवरी से शुरु होगा टोहाना का नया बस स्टैंड...



## खबर संक्षेप

### बालक को टक्कर मारने पर गाड़ी चालक काबू

**फतेहाबाद।** सड़क दुर्घटना के मामले में कार्रवाई करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि 23 जनवरी को रतिया पुल बाईपास, हिसार-सिरसा रोड के पास एक सफेद रंग की गाड़ी ने 14 वर्षीय बलविन्द्र सिंह को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, पीड़ित के पिता सुखदेव सिंह निवासी शक्ति नगर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया गया था।

### नशीली दवाओं सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मेडिकल नशा बेचने वालों की धरपकड़ करते हुए एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को नशीली दवाओं सहित काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नरेश कुमार उर्फ निशु पुत्र सुभाष चंद्र तथा हिमांशु पुत्र विक्रम सिंह निवासी अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### ठगी के मामले में दो युवकों को पकड़ा

**फतेहाबाद।** टेलीग्राम के माध्यम से निवेश के नाम पर की गई साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान दिलीप कुमार निवासी शास्त्री नगर कॉलोनी, बालोतरा, राजस्थान तथा पुष्पराज निवासी बालोतरा के रूप में हुई है। इससे पूर्व इस मामले में चार आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं।

### शराब बेचने पर झगड़े में दो व्यक्ति घायल

**सिरसा।** रानियां में अवैध शराब बेचने को लेकर हुए विवाद में दो लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह विवाद रानियां शहर के कुताबढ़ रोड स्थित एक व्यक्ति के घर पर हुआ। बताया गया कि कुछ युवक बाइक पर वहां पहुंचे थे। अवैध शराब की बिक्री को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद माहौल गरमा गया। विवाद बढ़ता देख बाइक सवार युवक अपनी बाइक छोडक़र मौके से भाग गए। इसके बाद गुस्साए लोगों ने बाइक में तोड़फोड़ की।

### अवैध हथियार सप्लाई का आरोपी दबोचा

**चोपटा।** पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मामलें में सप्लायर आरोपी महेंद्र को काबू कर लिया है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि बीती 26 जनवरी को नाथूसरी चौपटा थाना की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव कागदाना क्षेत्र से आरोपी मनजीत निवासी गांव बिराण जिला सिरसा को काबू कर उसके कब्जा से अवैध पिस्तौल व 3 जिंदा कारतूस सहित बरामद कर थाना नाथूसरी चौपटा में आम्र्स एक्ट के तहत मामला दर्जकर जांच शुरु की थी।

## सर्दी-गर्मी के अजीब संगम से स्वास्थ्य के लिए बढ़ी चुनौतियां

# 16 से बदलेगा मौसम, पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से हो सकती है बूंदाबांदी

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

सर्दी के बाद बसंत ऋतु शुरू होती थी तो ठंडी हवाओं का दौर चलता था। अब इसके विपरीत सर्दी के बाद सीधा गर्मी-का सा अहसास हो रहा है। बीते 16 वर्षों में पहली बार है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में ही तापमान 26 डिग्री को पार कर गया जबकि रात का तापमान 12 डिग्री के आसपास चल रहा है। इस तरह दिन और रात के तापमान में 14 डिग्री का अंतर आ गया है, जो गेहूं और अन्य फसलों के साथ-साथ मनुष्यों के लिए भी कतई ही अनुकूल नहीं कहा जा सकता। यही वजह है कि नागरिक अस्पताल में वायरल बुखार व खांसी-जुकाम के मरीजों की तादाद में काफी वृद्धि हुई है। दरअसल मौसम विभाग ने 6 व 9 फरवरी को दो पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से बूंदाबांदी व बादल छाने की भविष्यवाणी की थी लेकिन दोनों डब्ल्यूडी निष्क्रिय रहने से तापमान कम होने की बजाय बढ़ने लगा है। अब उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से यह फसलों के साथ-साथ मानव शरीर के लिए भी नुकसानदेय हो गया है। 16 सालों में पहली बार ऐसा हो रहा है कि फरवरी में मौसम सर्द-गर्म होने से वायरल के केस भी बढ़ गए हैं। ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गले में दिक्कत, शरीर में दर्द और बुखार की दिक्कत हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस जम्मू कश्मीर के ऊपर बना है। तेज धूप की वजह से दिन के तापमान में इजाफा हुआ है। वहीं जम्मू कश्मीर की ओर से उत्तरी पश्चिमी हवाओं की वजह से रातें अब भी ठंडी हैं। 16 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के चलते बूंदाबांदी हो सकती है। उससे रात के तापमान में भी इजाफा होना शुरू होगा।

**सर्द-गर्म होने से वायरल के केस भी बढ़े**



फतेहाबाद। तेज धूप में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो: हरिभूमि

### एलर्जी है तो मास्क पहनाकर स्कूल भेजें

दिन में गर्मी और रात में ठंड होने की वजह से बच्चों में खांसी और बुखार की दिक्कत ज्यादा हो गई है। साथ ही एलर्जी की दिक्कत भी ज्यादा है। इस मौसम में पराग कण वातावरण में होते हैं, जो कई लोगों के लिए एलर्जी का कारण बनते हैं। जिन बच्चों को दिक्कत है उन्हें मास्क पहनाकर स्कूल भेजें। दूसरा बच्चों को अभी गर्म कपड़े पहनाकर रखें। बच्चे अमूमन स्कूल से आने के बाद गर्म उतार देते है, जिससे गर्म सर्द हो जाता है। तेज बुखार है तो लिक्विड ज्यादा दें। बच्चे को सांस की दिक्कत, बुखार या वॉमिटिंग हो रही हैं तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

### खांसी-बुखार के मरीज 30-40 फीसदी बढ़े

सुबह-शाम के मौसम में अंतर के चलते बीमारियां भी बढने लगी हैं। नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक इन दिनों ओपीडी में खांसी, तेज बुखार और गले में दिक्कत के मरीजों की संख्या में 30 से 40 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई है। डॉक्टर्स ने कहा कि वे लोगों को सलाह दे रहे हैं बेशक दिन में मौसम गर्म महसूस हो रहा है, लेकिन अभी गर्म कपड़े पहनकर रखें। हल्का गर्म पानी पिएं। दो से तीन दिन में बुखार ठीक न हो तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा लें।

### ठंड निर्धारित समय से 15 दिन पहले ही हो रही खत्म: खीचड़

इस बार ठंड निर्धारित समय से 15 दिन पहले ही खत्म होती नजर आ रही है। विंड पैटर्न ऐसा बन रहा है, जो वेस्टर्न डिस्टरबेस की रफ्तार को सपोर्ट नहीं कर रहा है। इसके साथ-साथ नमी भी कम आ रही है। कभी-कभी अरब सागर से जी नमीयुक्त हवाएं आती हैं, वो भी अभी नहीं आ रही हैं। इसलिए ज्यादा ठंड के आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं। इस बार पहाड़ों पर भी बर्फबारी कम हुई है। यही वजह है कि मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। एचएयू हिसार मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि प्रदेश में मौसम आमतौर पर 16 फरवरी तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं चलेंगी, जिससे विशेषकर रात्रि तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है परंतु दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभव है। 16 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। इससे राज्य में 16 फरवरी रात्रि व 17 फरवरी को आंशिक बादलवाई छाई रहेगी। हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने की संभावना है।





सिरसा। चौपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

# चोपटा सीएचसी में चिकित्सकों का टोटा, 50 गांवों के लोग प्रभावित

- 18 चिकित्सक के पद स्वीकृत, सिर्फ 5 ही दे रहे सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

नाथूसरी चोपटा क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी से करीब 50 गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सा सेवाओं की कमी के चलते कोई दुर्घटना या गंभीर चोट का मामला हो तो मरीज को सिरसा रेफर करना पड़ता है। यहां के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रेफर केंद्र के नाम से पुकारने लगे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि चोपटा क्षेत्र का अस्पताल खुद बीमार है और इसको इलाज की दरकार है। गौरतलब है कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। चौपटा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दड़बा कला, रंधावा, डिंग, जमाल, कागदाना आते हैं और इन केंद्रों पर वर्तमान की सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए जाने का दावा कर रही हैं, लेकिन इन स्वास्थ्य केंद्रो पर चिकित्सकों के साथ, फार्मासिस्ट, दंत चिकित्सक सहित कई पद रिक्त पड़े हुए है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग का यह दावा तहसील मुख्यालय पर दम तोड़ता नजर आ रहा है। चौपटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद में चिकित्सा अधिकारी का पद रिक्त है। विडंबना की बात तो यह है कि सीएचसी व पीएचसी में फार्मासिस्ट की सभी पोस्ट खाली हैं। चौपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 18 चिकित्सक के पद स्वीकृत हैं, लेकिन यहां सिर्फ 5 चिकित्सक ही सेवाए दे रहे हैं, ऐसे में लोगों को सीएचसी व पीएचसी में कहां से बेहतर सुविधा मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न रोगों का उपचार कराने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों मरीज आते हैं।

### नहीं होगी परेशानी

सीएचसी प्रभारी डॉ. सिद्धांत कुमार नेबताया कि चौपटा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दड़बा कला, रंधावा, डिंग, जमाल, कागदाना आते हैं, इनमें 18 चिकत्सकों के पद स्वीकृत हैं लेकिन इस समय 5 चिकित्सक हैं। सीएचसी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कोई परेशानी न हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है।

# बेटी की उच्च शिक्षा में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा, मिलेगी सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण कल्याण, विकास एवं प्रगति के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। निगम का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करना, उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाना तथा आत्मनिर्भर बनाना है। निगम द्वारा महिलाओं और लड़कियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा ऋण ब्याज सब्सिडी योजना संचालित की जा रही है। अक्सर सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण परिवार लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलाने में असमर्थ रहते हैं। उच्च शिक्षा की बढ़ती फीस और शिक्षा ऋण पर अधिक ब्याज दर को ध्यान में रखते हुए निगम ने बैंकों के माध्यम से शिक्षा ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी देने की पहल की है।

### आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया

शिक्षा ऋण प्राप्त करने के लिए इच्छुक छात्राओं को संबंधित बैंक से आवेदन पत्र लेकर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर वहीं जमा करनी होंगी। आवेदन पत्र की एक प्रति महिला विकास निगम के संबंधित जिले के जिला प्रबंधक कार्यालय में भी जमा करानी होगी। ऋण स्वीकृत होने के बाद बैंक स्वीकृति पत्र एवं ऋण वितरण से संबंधित विवरण जिला प्रबंधक कार्यालय को भेजेगा। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक द्वारा सभी लाभार्थियों के ब्याज से संबंधित रिपोर्ट महिला विकास निगम को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि समय पर बजट की व्यवस्था की जा सके। कोर्स पूर्ण होने के बाद दो वर्ष के भीतर आवेदन करने वाली छात्राएं 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी की पात्र होंगी।

# दंपति सहित चार नशा तस्कर गिरफ्तार

- नशे के खिलाफ सीआईए टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने एक दंपति सहित चार नशा तस्कारों को गिरफ्तार कर हेरोइन व चूरापोस्त बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा जिला निवासी कुलवंत सिंह, बिंद्र कौर, जितेंद्र कुमार व सखुबीर सिंह के रूप में हुई। सीआईए सिरसा प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान नहर पुल के नजदीक एक मोटरसाइकिल पर एक पुरुष व महिला आती दिखाई दिए, जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़ गए। पुलिस ने शक के आधार पर उनका पीछा कर उन्हें रोका और तलाशी ली तो उसके कब्जे से 11 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान कुलवंत सिंह व उसकी पत्नी बिंद्र कौर के रूप में हुई।



सिरसा। हेरोइन तस्करी के आरोप में पकड़े गए आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### चूरापोस्त बरामद

इसके अलावा पुलिस ने सिरसा के सी ब्लॉक क्षेत्र से बाइक सवार एक व्यक्ति को साढ़े तीन किलोग्राम चूरापोस्त सहित दबोचा है। पुलिस टीम गश्त पर थी। सी ब्लॉक क्षेत्र में बाइक सवार को पुलिस ने जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान उसके बैग से चूरापोस्त बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई। एएनसी स्टाफ डबवाली पुलिस ने गांव सालमखेड़ा क्षेत्र से सुखबीर सिंह को हेरोइन सहित काबू किया है।

# रतिया और फतेहाबाद में हादसे, दो युवाओं की मौत एक की पेड़ से टकराई कार, दूसरे की फिसली बाइक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- दोनों के शवों का सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया

फतेहाबाद व रतिया क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सडक़ हादसों में दो युवकों की मौत होने समाचार है। एक हादसे में एक युवक की कार पेड़ से टकरा गई जिससे उसकी मौत हो गई जबकि दूसरे का बाइक फिसल गया। पुलिस ने दोनों के शवों का सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई की है। पहले मामले के अनुसार, गांव अजीत नगर के सरवन सिंह गांव नागपुर में हिंद डेंटिंग पेंटिंग के नाम से अपनी दुकान चलाता था। सोमवार रात वह दुकान बंद करने के बाद कार से अपने गांव अजीत नगर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सरवन सिंह को गंभीर चोटें आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सरवन सिंह की शादी करीब एक साल पहले नरेलखेड़ा में हुई थी और उसकी पत्नी गर्भवती है।

### उपचार के दौरान हुआ मौत

वहीं दूसरी घटना फतेहाबाद शहर के रतिया रोड की है। यहां हनुमान मंदिर के पास बाइक का संतुलन बिगड़ने से हुए हादसे में गांव जोधकां के राजेंद्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राजेंद्र किसी काम से बाइक पर फतेहाबाद आया था। रास्ते में अचानक बाइक फिसलने से वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दोनों हादसों की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# गोरखपुर में चूरा पोस्त तस्करी का भंडाफोड़

- 420 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद, आरोपियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भूना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पुलिस ने गांव गोरखपुर में नीलकंठ इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पीछे से एक व्यक्ति को चूरा पोस्त सहित पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 420 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि थाना भूना की पुलिस टीम नशीले पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से गांव गोरखपुर क्षेत्र में गश्त और निगरानी पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव गोरखपुर में एक व्यक्ति अवैध रूप से चूरा पोस्त बेचने का काम कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ करने पर उसकी पहचान धर्मबीर उर्फ काला निवासी गांव गोरखपुर के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 420 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना भूना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# पेड़ चोरी मामले में एक गिरफ्तार

- आरोपी के कब्जे से 24 पेड़ किए बरामद
- तकनीकी साक्ष्यों व गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

क्षेत्र के गंग नहर किनारे खड़े शीशम के पेड़ चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 24 पेड़ भी बरामद किए गए हैं। चौटाला चौकी प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि वन रक्षक दीपक व हरि सिंह की शिकायत पर बीती 2 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हरे पेड़ काट कर चोरी करने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तफ्तीश करते हुए तकनीकी साक्ष्यों व गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान गांव जोतांवाली निवासी जगजीत सिंह के रूप में हुई है।



सिरसा। चोरीशुदा काटे गए पेड़ के साथ पकड़ा गया आरोपी। फोटो: हरिभूमि

## 65 इंच ऊंचे घोड़े बादशाह ने प्रतियोगिता में जीता द्वितीय इनाम, 50 लाख लग चुकी है कीमत

**ऊंचाई, सुंदरता व नस्ल के आधार पर लग्जरी कार से भी अधिक कीमत**

# लहरियां के पूर्व सरपंच का घोड़ा बना राज्य स्तरीय पशु मेले की शान

हरिभूमि न्यूज ⏭जाखल

बीते दिन कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी में प्रतिभागी क्षेत्र के गांव लहरियां निवासी पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संत लाल के नुकरे नस्ल घोड़े ने छाप छोड़ी है। संत लाल के सफेद रंग के बादशाह घोड़े ने कद, काठी व सुंदरता के आधार पर कई बड़े घोड़ा फार्मों के घोड़ा-घोड़ियों को पछाड़ते हुए द्वितीय स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। पशुधन प्रदर्शनी के दौरान बादशाह घोड़े ने पहली बार इसी प्रतियोगिता में भाग लिया था। सिर से लेकर पांव तक पूरी तरह से सफेद ये घोड़ा मेले में आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा। बादशाह की उम्र 28 महीने है, जबकि ऊंचाई 65 इंच है। इसकी ऊंचाई, सुंदरता, व्यवहार, खाने-पीने व नस्ल के आधार पर बादशाह की कीमत लग्जरी कार से भी अधिक है। घोड़े के मालिक संत लाल ने बताया कि इसकी कीमत 50 लाख रुपए लग चुकी है, जबकि उन्होंने बेचने से मना कर दिया है।



जाखल। सफेद रंग का बादशाह घोड़ा।

### घोड़ों के बारे में गुजरात से ली विशेष ट्रेनिंग

संत लाल ने बताया कि घोड़ों का शौक उनके खून में है। करीब 40 वर्ष पहले उनके दादा के पास एक घोड़ी थी। दादा के बाद उन्होंने घोड़े रखना शुरू कर दिया। संत लाल को घोड़ों का इतना शौक है कि घोड़ों के बारे में पुख्ता जानकारी के लिए उन्होंने गुजरात से स्पेशल और प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेकर घोड़े रखना शुरू किया था।

### खुराक पर दिया जाता है विशेष ध्यान

बादशाह घोड़े के मालिक संत लाल का कहना है कि बादशाह बेहद उम्दा नस्ल का घोड़ा है। उन्होंने बताया कि बादशाह की सेवा के लिए उन्होंने कोई व्यक्ति नहीं रखा है, जबकि वो स्वयं इसकी देखरेख व हर जरूरत पूरी करते है। बादशाह घोड़े की खातिरदारी में वो हजारों रूपए खर्च वहन करते हैं। उसे मौसम के मुताबिक खुराक दी जाती है।



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style



# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।


## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।



# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

### *इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं*

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्री बांके बिहारी मंदिर का नींव स्थापना समारोह आज

**सिरसा।** शहर की प्राचीन श्री गौशाला में 11 फरवरी को श्री बांके बिहारी मंदिर का नींव स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। श्री गौशाला के सचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि इस कार्यक्रम में अनेक संत व शहर के महानुभाव शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या बढने के चलते मंदिर को बड़ा व भव्य बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के पूजा पाठ कर सकें। उन्होंने शहरवासियों व परम गौभक्तों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया



**सिरसा।** राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान-026 के तहत सिरसा स्थित सेंट फ्रांसिस जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थी व शिक्षक शामिल हुए। इसके बाद विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। यह अभियान बीती 12 जनवरी से 12 फरवरी तक निरंतर चलेगा, जिसके अंतर्गत विद्यालय में प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जाएगा। योग सहायिका मोनिका ने बताया कि सूर्य नमस्कार से शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है।

### बीएलओ को दिया विशेष प्रशिक्षण

**सिरसा।** रानियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों, सुपरवाइजरों और सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम को दो सत्रों में किया गया। इसी प्रकार सिरसा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजर के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर सिरसा में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसीलदार हनुमान दास व निर्वाचन कानूनगो देवेंद्र यादव ने गहन पुनरीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### बाबा राणाधीर मंदिर में अर्धवार्षिक मेला 19 को

**भूना।** बाबा राणाधीर मंदिर भूना के पवित्र परिसर में 19 फरवरी को अर्धवार्षिक मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर मंदिर प्रबंधन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर परिसर और आसपास साफ-सफाई, श्रद्धालुओं की सुविधा, पेयजल व अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाबा राणाधीर मंदिर सेवा समिति के सचिव अनिल सोनी व वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार मेले में बड़े आधुनिक झूलों को लेकर समिति गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि झूलों के संचालन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

## एसडीएम ने किया मौके पर निरीक्षण

# तालाब और पंचायती भूमि से कब्जे हटाने की तैयारी

**अधिकारियों को संबंधित मामलों की रिपोर्ट भेजने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

ग्राम पंचायत ढाणी सांचला में स्थित दो तालाबों पर किए गए अवैध कब्जों तथा ग्राम पंचायत ढाणी भोजराज में पंचायती भूमि पर कब्जे के मामलों को लेकर मंगलवार को एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। यह कार्रवाई उनके न्यायालय में विचाराधीन याचिकाओं पर जल्द निर्णय सुनाए जाने से पहले की गई, ताकि जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके। वहीं पंचायत विभाग के अधिकारियों को संबंधित मामलों की विस्तृत रिपोर्ट भेजने के दिशा निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढाणी सांचला में गांव के दो प्रमुख तालाबों पर लंबे समय से कई परिवारों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है। तालाबों के क्षेत्र में निर्माण कर लिए जाने से न केवल पंचायत की भूमि प्रभावित हुई है, बल्कि वर्षा जल संचयन और गांव की पारंपरिक जल व्यवस्था पर भी असर पड़ा है। पंचायत की ओर से इन अवैध कब्जों को हटवाने के लिए एसडीएम की अदालत में याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई चल रही है।



**भूना।** ग्राम पंचायत ढाणी सांचला में जोहड़ की जमीन पर निरीक्षण करते हैं एसडीएम आकाश शर्मा।

### सरपंचों ने अतिक्रमण के बारे में दी जानकारी

ग्राम पंचायत ढाणी भोजराज में पंचायती भूमि पर सात मामले अवैध रूप से कब्जा किए जाने के सामने आए है। पंचायत का आरोप है कि संबंधित परिवारों ने पंचायत की जमीन पर कब्जा कर उस पर अपना अधिकार जताना शुरू कर दिया था। यह मामला भी एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एसडीएम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित भूमि की सीमाओं, कब्जे की स्थिति और रिकॉर्ड के आधार पर वास्तविक हालात को समझा। एसडीएम ने सभी पहलुओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक तथ्यों का अवलोकन किया। बताया जा रहा है कि निरीक्षण रिपोर्ट और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर अदालत में लंबित मामलों पर शीघ्र निर्णय सुनाया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि अवैध कब्जों से पंचायत की भूमि को मुक्त कराया जाएगा, जिससे सार्वजनिक संपत्ति का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर कार्यवाहक समाज शिक्षा एवं अधिकारी पुनीत सिहाग, ग्राम सचिव मनीषा दहिया और ग्राम सचिव मिंटू कुमार भी मौजूद रहे। ढाणी भोजराज की सरपंच ज्योति देवी और ढाणी सांचला के सरपंच राजेंद्र सिंह ने एसडीएम को अपनी-अपनी पंचायत में किए गए अतिक्रमण के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# भूमिशा ने हरियाणा को दिलाई ट्रॉफी

## अंडर-19 स्कूल नेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

बेंगलुरू में बीती 5 से 9 फरवरी को आयोजित अंडर-19 स्कूल नेशनल बॉक्सिंग टूनामेंट में हरियाणा की ओर से खेलते हुए सिरसा की बॉक्सर भूमिशा शर्मा ने अपनी प्रतिभा और साहस का शानदार परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में भूमिशा का प्रदर्शन न केवल प्रभावशाली रहा, बल्कि उनकी तकनीक और जुझारूपन ने खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। यद्यपि वह व्यक्तिगत पदक हासिल करने से चूक गईं, लेकिन उनकी हर जीत ने हरियाणा की टीम को ओवरऑल ट्रॉफी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोच राहुल शर्मा ने कहा कि एक खिलाड़ी के लिए पदक से अधिक उसका खेल और टीम के प्रति उसका योगदान मायने रखता है और भूमिशा ने इस कसौटी पर खुद को बखूबी साबित किया। उन्होंने कहा कि भूमिशा शर्मा की इस मेहनत और खेल भावना को देखते हुए यह स्पष्ट है कि उनका भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन जो जज्बा उन्होंने रिंग में दिखाया है, वह उन्हें आने वाले समय में एक बड़ा मुकाम दिलाएगा। उन्होंने भूमिशा शर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**सिरसा।** विजेता भूमिशा शर्मा ट्राफी के साथ।

### चेक बाउंस के दो वांछित पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में दो वांछित भगोड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी दोनों आरोपी अदालत में हाजिर नही हुए। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत ने आरोपी वकील सिंह को 25 अगस्त 2025 को पीओ घोषित किया था, जबकि लखबिंद्र सिंह को 19 जुलाई 2025 को पीओ घोषित किया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्ज कर जांच पीओ स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी।

# पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को ढूंढ़कर परिजनों को सौंपा

## तलाशी अभियान चलाकर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

पुलिस ने स्कूल से गायब हुए एक बच्चे को सकुशल ढूंढक़र उसके परिजनों के हवाले कर दिया। चोपटा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जिला फतेहाबाद के गांव पीली मंदोरी का एक बच्चा सुबह स्कूल जाने के बाद अचानक लापता हो गया है। सूचना मिलते ही गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए थाना पुलिस को तुरंत अलर्ट किया गया और संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की गई। थाना नाथूसरी चौपटा की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान बस स्टैंड नाथूसरी चौपटा पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक बच्चे को पुलिस टीम ने सुरक्षित हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान बच्चे ने बताया कि वह सुबह स्कूल गया था, लेकिन किसी कारणवश भटकते हुए यहां पहुंच गया।

# स्केटिंग चैंपियनशिप में छाए खिलाड़ी

## द आर्यन स्कूल के प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में द आर्यन स्कूल के होनहारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत व 8 कांस्य पदक सहित 10 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल प्रिंसीपल श्वेता माहेश्वरी ने सभी पदक विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि द विज्डम स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के विद्यार्थियों आरोही ने स्वर्ण पदक, शिवन्या ने रजत पदक व रूद्रा, माधव, हरमिंद्र, क्रिस्टल, गरिशा, अरलीन, प्रगण्या, मौलिक ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल डायरेक्टर अनिल गोयल व चारू गोयल स्केटिंग कोच व पदक विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर चारू गोयल ने बताया कि इससे पूर्व भी स्कूल के अनेक विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।



**सिरसा।** प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों को सम्मानित करते हुए।

### दिव्यांगों को मिलेगा प्राथमिकता से राशन

**सिरसा।**अब दिव्यांगजनों को राशन लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी राशन डिप्पो पर उनके लिए अलग पंक्ति बनाने तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर राशन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनिवाल ने बताया कि यह निर्णय हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रदेश की सभी राशन दुकानों पर दिव्यांगजनों के लिए अलग पंक्ति बनाकर तत्काल राशन वितरण सुनिश्चित करने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है।

# ड्रोन स्प्रे के प्रति किसान दिखाएं जागरूकता: सिंवर

## किसानों को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

प्रदेश की पहली नमो ड्रोन दीदी विमला सिंवर ने कहा कि ड्रोन स्प्रे से किसान समय की बचत के साथ-साथ पानी व आर्थिक व्यय से भी बच सकते हैं। इससे फसल के उत्पादन भी असर पड़ता है और उत्पादन में बढ़ोत्तरी होती है। विमला सिंवर मंगलवार को अलग-अलग गांवों में किसानों को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ड्रोन स्प्रे के प्रति जागरूक करते हुए ड्रोन स्प्रे के बारे में विस्तार से जानकारी दे रही थीं। विमला सिंवर ने बताया कि अब तक किसान पुरानी पद्धति अपनाकर ही खेतों में कीटनाशक का छिडक़ाव कर रहे थे। इससे जहां किसान के समय के साथ-साथ आर्थिक व्यय व पानी की भी अधिक बर्बादी हो रही थी। इसी बात को मद्देनजर रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से ड्रोन सिस्टम इजाद किया गया। बड़ी बात ये थी कि प्रधानमंत्री ने इस प्रोजेक्ट की कमान महिलाओं के हाथों में सौंपी, ताकि महिलाएं स्वावलंबी बन सकें और अपने पैरों पर खड़ी होकर बेहतर तरीके से परिवार का पालन-पोषण कर सकें। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट से किसान न केवल पानी की बचत कर सकते हैं, बल्कि आर्थिक व्यय के साथ-साथ समय की भी बचत होती है। इसके लिए किसान को सिर्फ और सिर्फ मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा।



### योजना का उठाएं लाभ

उन्होंने बताया कि इस पद्धति से भूमि की उर्वरा शक्ति पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता, जबकि पुरानी पद्धति में भूमि की उपजाऊ शक्ति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता था। उन्होंने बताया कि हजारों किसानों ने अब तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। सिंवर ने किसानों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाकर इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# माता-पिता, गुरु, भगवान की बातों का करें अनुसरण: आचार्य पवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

श्री अखंड ज्योति हनुमान मंदिर, ओढ़ा में श्रीराम कथा अमृत के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य पवन कृष्ण ने कहा कि मात पिता गुरु प्रभु की वाणी, बिनूहि विचार किए शुभ जानी। उन्होंने कहा कि माता पिता गुरु और भगवान की कही हुई बात बिना कोई विचार किए ही मान लेनी चाहिए। उनका कहा हुआ सर्वदा सुखदाई और हितकर होता है। उन्होंने इस प्रसंग में नारद मोह का दृष्टांत दिया जो धर्म परायण होकर सबके प्रति प्रेम भाव रखकर सुंदर गृहस्थ जीवन जीता है उस दंपति के यहां राम जैसा पुत्र होता है। चक्रवर्ती महाराज दशरथ और माता कौशल्या के यहां साक्षात भगवान विष्णु राम रूप में अवतार लेते हैं। कथा वाचक ने श्री राम जन्म का पूरा वृतांत सुनाया। उन्होंने कहा कि ऋषि वशिठ की सलाह पर हुए हवन यज्ञ से महारानी कौशल्या के गर्भ से भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ। उसी समय महारानी कैकेयी के पुत्र भरत तथा महारानी सुमित्रा के दो पुत्र लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इस दौरान भजन गायक पी के परवाना एंड पार्टी ने राम जन्म के भजन गाकर श्रद्धालुओं को नाचने के लिए मजबूर कर दिया।



**सिरसा।** कथा करते आचार्य पवन कृष्ण।

### महाशिवरात्रि पर्व भंडारा लगाएगा जाएगा : फुटेला

**सिरसा।** श्री नीलकंठ समाज सेवा ट्रस्ट की एक बैठक प्रधान राजेश फुटेला की अध्यक्षता में भादरा बाजार स्थित ट्रस्ट के कार्यालय में हुई बैठक में ट्रस्ट द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर लगाए जाने वाले भंडारे को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर नटार रोड स्थित शिवपुरी में आगामी 15 फरवरी को भंडारा लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीतेकई वर्षों से ट्रस्ट मानवता भलाई का कार्य का कार्य कर रहा है। ट्रस्ट द्वारा लावारिस अस्थियों का विसर्जन किया जाता है। इसके अलावा नीलकंठ महादेव के प्रांगण में वार्षिक भंडारा भी लगाया जाता है। इस मौके पर संरक्षक वीना मुंजाल, शुभकरण रातुसरिया, राजेंद्र चावला, संजय सलूजा, ओम प्रकाश, वेद कामरा, नरेश बब्बर, केशव मुंजाल व अन्य मौजूद थे।

### महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने पुलिस के प्रयासों को सराहा, कर्मचारियों को किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** जिले को नशामुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने पुलिस प्रशासन के कार्यों की सराहना की है। मंगलवार को ट्रस्ट के सदस्यों ने गुरुनानकपुरा चौकी पहुंचकर पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया।



ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने बताया कि एक महीने पहले 10 जनवरी को गुरुनानकपुरा मोहल्ले में जागरूकता रैली निकालकर पुलिस प्रशासन को नशा तस्करों पर कार्रवाई के लिए अल्टीमेटम दिया गया था। ट्रस्ट टीम द्वारा लिए गए फीडबैक के अनुसार पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में की गई कड़ी कार्रवाई के परिणामस्वरूप आज गुरुनानकपुरा में नशा तस्करी में 70 से 80 प्रतिशत तक की कमी आई है। एक महीने में मिली इस सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए ट्रस्ट ने चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश सहित अन्य कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भवानी सिंह ने पुलिस से आग्रह किया कि जो लोग अभी भी चोरी-छिपे नशा बेच रहे हैं, उनके लिए विशेष योजना बनाकर धरपकड़ की जाए ताकि शहर पूरी तरह नशामुक्त हो सके। भवानी सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। ट्रस्ट द्वारा गांवों में युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष कमेटियों का निर्माण किया जा रहा है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ट्रस्ट उन्हें खेलों से जोड़ रहा है और विभिन्न गांवों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

# बजट सपनों को साकार करने वाला : जोड़ा

## बीजेपी जिला कार्यालय में जिला स्तरीय युवा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

भूना रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने शिरकत की। कार्यक्रम में केंद्रीय बजट में युवाओं के लिए की गई कल्याणकारी घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर विशेष तौर पर डबवाली से जिला प्रभारी संजीव गंगवा तथा भाजपा युवा मोर्चा के फतेहाबाद जिला प्रभारी बंटी दालमवाला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिट्टू गुर्जर ने की, जबकि मंच संचालन राममेहर धारसूल ने किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में युवाओं को रोजगार, कौशल विकास, स्टार्टअप, शिक्षा, स्वरोजगार और डिजिटल इंडिया से जोडऩे के लिए अनेक दूरदर्शी प्रावधान किए गए हैं। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत करता है तथा युवाओं को देश के विकास में भागीदार बनाने वाला है। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि केंद्रीय बजट युवाओं के सपनों को साकार करने वाला बजट है।



## पंचनद स्मारक ट्रस्ट की बैठक हरि मंदिर आश्रम पटौदी में आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गठित होगा पंचनद स्मारक ट्रस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पंचनद स्मारक ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक हरि मंदिर आश्रम पटौदी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी धर्मदेव ने की। बैठक में ट्रस्ट के वर्तमान बजट, गतिविधियों और पंचनद की जमीन से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि पंचनद की जमीन का मामला हाई कोर्ट में लंबित होने के कारण ट्रस्ट के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस दौरान ट्रस्ट को लेकर कुछ लोगों द्वारा की जा रही टिप्पणियों पर भी मंथन किया गया। ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं नगर परिषद फतेहाबाद के पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल ने कहा कि जिन्होंने ट्रस्ट के लिए कभी एक रुपया भी योगदान नहीं दिया, वही लोग ट्रस्ट पर अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। दर्शन नागपाल ने बताया कि भविष्य में कुरुक्षेत्र में ट्रस्ट के सभी ट्रस्टियों, गवर्निंग बॉडी और इकाइयों की संयुक्त बैठक जल्द बुलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की गतिविधियों को और सशक्त करने के लिए पंजाबी समाज के लिए एक नया अंतरराष्ट्रीय स्तर का संगठन गठित किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** बैठक में स्वामी धर्मदेव के साथ दर्शन नागपाल व अन्य पदाधिकारी।

### कटाई का पर्यावरण प्रेमियों ने किया विरोध



**फतेहाबाद।** राजस्थान में सोलर प्लांट स्थापित करने के नाम पर खेजड़ी पेड़ों की कटाई के विरोध में पर्यावरण प्रेमियों ने मंगलवार को डीसी विवेक भारती से मिलकर उन्हें पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। पर्यावरण प्रेमी राजीव सेतिया, दुष्यंत शर्मा, मोहन लाल नारंग, एडवोकेट धर्मपाल जाखल, राजेंद्र कुमार बिश्नोई, केदार जांगड़ा, पवन शर्मा, विजय सहारण, संदीप बिश्नोई फुलां, दारा सिंह, जगदीश धारणियां, राजा राम बेनीवाल, राजेंद्र कुमार बिश्नोई आदि ने कहा कि राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निजी कंपनियों द्वारा सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर खेजड़ी वृक्षों की कटाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### टेलीग्राम पर निवेश के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भूना।** साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भूना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान तुलसी राम मीणा निवासी गांव सरदारपुरा, राजस्थान के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह एक निजी विद्यालय में शिक्षिका हैं। 20 दिसंबर 2025 को टेलीग्राम चैनल पर निवेश के नाम पर विज्ञापन देखकर वह साइबर ठगों के संपर्क में आई। आरोपियों द्वारा विभिन्न यूपीआई आईडी के माध्यम से निवेश, जीएसटी एवं विड्रॉअल शुल्क के नाम पर कुल 39 हजार 615 रुपये की ठगी की गई।

### रोजगार मेले में 190 युवाओं को मिली नौकरी

**सिरसा।** युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में चयन प्रक्रिया के पश्चात लगभग 190 छात्र-छात्राओं को शॉर्टलिस्ट कर विभिन्न कंपनियों में शिक्षुता एवं रोजगार का अवसर प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि इस मेले में देश-प्रदेश की 16 कंपनियों ने भाग लिया।

### निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन

**सिरसा।** डेरा के शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में निःशुल्क कैंसर जांच, आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर विभिन्न रोगों की जांच व उपचार करवा कर स्वास्थ्य लाभ लिया। जांच शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव पोपली, डॉ. हरीश, डॉ. भारत, डॉ. बिजोय, डॉ. मोनिशा तथा डॉ. प्रदीप ने मरीजों की गहन जांच की और उन्हें रोग की स्थिति के अनुसार उचित चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया।

### चोरी का आरोपी काबू नकदी व गहने बरामद

**टोहाना।** चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान राहुल निवासी राज नगर, टोहाना के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक जोड़ी चांदी के कंगन, एक चांदी का कड़ा, एक चांदी की चैन तथा 10 हजार 500 रुपये नकद बरामद की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 30-31 जनवरी की रात्रि को शिकायतकर्ता हरबंस सिंह निवासी इंदिरा कॉलोनी, टोहाना के घर चोरी की घटना घटित हुई थी।

### रतिया के खिलाड़ियों ने चार गोल्ड मेडल जीते

**रतिया।** लखनऊ में आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में रतिया की नागर स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। विजय कुमार ने डिस्कस थ्रो में अपनी बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारती चौहान ने 3 किमी पैदल चाल में रेस को सबसे पहले पूरा कर गोल्ड पर कब्जा जमाया। अरमान ने 100 मीटर रेस, उम्र 12 में अपनी तेज रफ्तार से विरोधियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनिया रानी ने कबड्डी में गोल्ड मेडल हासिल किया।

### मतदाता सूची के लिए लगा प्रशिक्षण शिविर

**फतेहाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत मतदाता सूची के आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट मताना में फतेहाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-40 के सुपरवाइजरों एवं बूथ लेवल अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में आगामी पुनरीक्षण अभियान की प्रक्रिया, कानूनी प्रावधानों एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

---

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बीते दिसंबर में किया था उद्घाटन

# टोहानावासियों के लिए खुशखबरी 13 से शुरू होगा नया बस अड्डा

- उपायुक्त ने विभागों की समीक्षा बैठक में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

टोहाना में नया बस स्टैण्ड से 13 फरवरी से बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिसंबर में टोहाना के नए बस स्टैंड का उद्घाटन किया था। यह जानकारी रोडवेज विभाग के टीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को अधिकारी बोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान दी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जन संवाद, सीएम विंडो, एसएमजीटी, सीपीग्राम, समाधान शिविर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यालयों में पुराने व गैर-आवश्यक रिकॉर्ड को वीड आउट कर लेबलिंग करने, कार्यालयों के बाहर प्रॉपर साइन बोर्ड लगाने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों को विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले के सभी सेमग्रस्त गांवों की फिजिकल विजिट कर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि आगामी सीजन में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

#### बिना टिकटार्थियों से वसूला 1.22 लाख जुर्माना

रोडवेज विभाग से टीएम सुरेंद्र सिंह ने अवगत कराया कि 13 फरवरी से टोहाना का नया बस स्टैंड संचालन में आ जाएगा। जिले में कुल प्राप्त 1,55,097 हैप्पी कार्डों में से 97 प्रतिशत यानी 1,50,457 लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। रोडवेज चेकिंग स्टाफ द्वारा जनवरी 2026 में 1,723 बसों की जांच कर बिना टिकट यात्रियों से 1,22,550 रुपये जुर्माना वसूला गया। वहीं भूना स्थित चालक प्रशिक्षण स्कूल में प्रतिमाह 120 उम्मीदवारों को हैवी चालक लाइसेंस हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपायुक्त ने बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को गेहूं सीजन की समय रहते तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए। डीएफएससी ने बताया कि जिले में 155 पेट्रोल पंप और 23 गैस एजेंसियां हैं, जिनकी नियमित जांच की जा रही है।

#### 82 हजार किसानों के सॉइल सैंपल लिए गए

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने अवगत कराया कि हर खेत स्वच्छ खेत अभियान के तहत 82 हजार किसानों के सॉइल सैंपल लिए जा चुके हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि किसानों को नेचुरल फार्मिंग के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए, प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ाया जाए तथा संबंधित अधिकारियों व किसानों के साथ आगामी दिनों में बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत प्राप्त 903 आवेदनों में से 792 को स्वीकृति दी जा चुकी है। बैठक में नगराधीश गौरव गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, सीएमजीजीए विनय यादव, जिला वन अधिकारी राजेश लीलड, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनीता बाई, डीटीपी राजकीर्ति, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सचिव विंग कमांडर सुजाता, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला, सिविल सर्जन डॉ. बुधराम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### मुनाफे का झांसा देकर ठगी कर रहे अपराधी

# क्रिप्टो में निवेश के नाम पर ठगी से रहें सावधान

- जिला पुलिस की नागरिकों के लिए एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा क्रिप्टोकरेंसी निवेश के नाम पर बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर पुलिस एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि वर्तमान समय में साइबर ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप, टेलीग्राम चैनलों, फर्जी वेबसाइटों एवं मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर ठगी का शिकार बना रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराधी स्वयं को क्रिप्टो एक्सपर्ट, निवेश सलाहकार अथवा किसी प्रतिष्ठित कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों से संपर्क करते हैं। प्रारंभ में कम राशि निवेश कर कृत्रिम रूप से मुनाफा दिखाया जाता है, जिससे पीड़ित का विश्वास जीत लिया जाता है। इसके पश्चात अधिक राशि निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाता है तथा बाद में ठग संपर्क तोड़ लेते हैं या टैक्स, चार्ज, वॉलेट अपग्रेड जैसे बहानों से लगातार धनराशि की मांग करते रहते हैं। फतेहाबाद पुलिस द्वारा आमजन को सावधानियां बरतने की अपील करते हुए कहा कि बिना पूरी जानकारी एवं वैधानिक पुष्टि के किसी भी क्रिप्टो प्लेटफॉर्म में निवेश न करें। सोशल मीडिया या अनजान नंबरों से प्राप्त निवेश संबंधी लिंक, ऐप या कॉल से दूरी बनाए रखें। गारंटीड रिटर्न, रिस्क फ्री इनकम अथवा डबल पैसा जैसे दावों से सतर्क रहें। अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, यूपीआई पिन या क्रिप्टो वॉलेट से संबंधित जानकारी किसी के साथ साझा न करें। केवल प्रमाणिक एवं विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें। एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति क्रिप्टोकरेंसी निवेश के नाम पर साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो वह तुरंत अपनी शिकायत दर्ज करवाए।



एसपी सिद्धांत जैन।

### पिंकी ने जेआरएफ व सुदेश ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की

**चोपटा।** चौधरी कुरड़ाराम मैमोरियल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमाल की छात्राओं सुदेश और पिंकी ने यूजीसी नेट जेआरएफ में शानदार सफलता हासिल की। एमए हिंदी की छात्रा सुदेश ने हिंदी विषय में 99.28 पर्सेंटाइल के साथ यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा पास करके इतिहास रच दिया है। वहीं महाविद्यालय में इतिहास विषय की छात्रा पिंकी ने 91.10 पर्सेंटाइल के साथ यूजीसी नेट परीक्षा पास करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। इन छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत से ये मुकाम हासिल करके न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है अपितु परिवार और महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस महत्वपूर्ण सफलता पर महाविद्यालय के सचिव सुनील बेनीवाल, प्रधान राजेश कुमार, निदेशक वेदप्रकाश गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. लक्ष्मी, खेल प्रशिक्षक डॉ. जसवीर सिंह जाखड़ सहित समस्त प्राध्यापकों ने बधाई दी।

---



फतेहाबाद। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते स्वीकार फाउंडेशन व रेडक्रास के अधिकारी।

### स्वीकार फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**फतेहाबाद।** स्वीकार फाउंडेशन फतेहाबाद द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी और एमआर एसोसिएशन के सहयोग से जाट धर्मशाला में 5वें रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 35 यूनिट रक्त डोनेट किया गया। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से आई टीम द्वारा शिविर में अपनी सेवाएं दी गई। रक्तदान करने वालों में 5 महिलाएं शामिल रहीं, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इसके अलावा चार रक्तदाताओं ने जीवन में पहली बार रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वीकार फाउंडेशन के फाउंडर संदीप छाबड़ा, ज्योति छाबड़ा व हेमंत मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए संदीप छाबड़ा और ज्योति छाबड़ा ने कहा कि, रक्तदान महादान है, आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी की जान बचा सकता है।

# रिटायर्ड कर्मियों ने दिया 12 की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को समर्थन

- कर्मचारी संगठनों ने बैठक कर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

ट्रेड यूनियन के आह्वान पर 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी भी भाग लेंगे। ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन जिला फतेहाबाद की बैठक में इस हड़ताल को समर्थन देते हुए इसमें शामिल होने का निर्णय लिया गया। पुराना पीडबल्यूडी बीएंडआर रेस्ट हाऊस में हुई बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान मुंशी राम कम्बोज व निहाल सिंह मताना ने की तथा संचालन रणधीर सिंह डबास व जिला सचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने किया। बैठक में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को प्रमुखता से उठाने का फैसला हुआ। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी नायब सिंह ढिल्लो के निधन पर दो मिनट का शोक रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई। जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने कहा कि 60, 70, 75 वर्ष आयु उपरांत 5, 10 व 15 प्रतिशत की बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी करने, चिकित्सा भत्ता 1 हजार से बढ़ाकर 5 हजार रुपये मासिक करने, पुरानी पेंशन प्रणाली बहाल करने, 60 वर्ष की आयु उपरांत पेंशनर्ज के लिए रेल में रियायती दर पर मुफ्त यात्रा सुविधा पुनः लागू करने की मांग की है।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### कर्मचारी नेताओं ने किया जनसंपर्क

**सिरसा।** आगामी 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ व सीटू के जत्थे ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय, लोकनिर्माण विभाग, वन विभाग, पब्लिक हेल्थ, बिजली निगम, समाज कल्याण, पंचायती राज, कृषि, मत्स्य, हुड्डा, टाउन प्लानिंग, रोडवेज तथा पशुपालन विभाग में गेट मीटिंग कर कर्मचारियों से संपर्क किया गया। कर्मचारी नेता ललित सोलंकी व रमेश वर्मा ने कहा कि 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में काफी संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे। अन्य कर्मचारी नेता मदनलाल खोथ, रमेश कुमार, राजेश खिचड़, सुखदेव फायर, कृपाशंकर त्रिपाठी, संदीप वर्मा, दरिया सिंह बेनीवाल, अशोक पटवारी, निर्मल सिंह व ओमप्रकाश आदि ने बताया कि संघ प्रमुख मांगों में सभी प्रकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने व 8वें वेतन आयोग के लागू होने तक सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5000 रुपए प्रतिमाह अंतरिम राहत देना, 8वें वेतन आयोग से पहले 7वें वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर करना, श्रम कानूनों में किए गए जनविरोधी संशोधनों को रद्द करना शामिल है।

---

# एनएसएस स्वयंसेवकों को डिजिटल सुरक्षा व एआई के प्रति जागरूक किया

- एआई के इस दौर में डिजिटल साक्षरता ही हमारा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच : डॉ. सिकन्दर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर का संचालन एनएसएस गर्ल्ज कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रतिभा मखीजा और एनएसएस ब्वॉयज कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकेश सेठी की देखरेख में किया जा रहा है। 14 फरवरी तक चलने वाले शिविर के दौरान मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे जिला सूचना विज्ञान अधिकारी डॉ. सिकंदर ने डिजिटल साक्षरता और एआई के सुरक्षित उपयोग पर विशेष बल दिया।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में एनएसएस कैम्प के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थी।


### कानूनी साक्षरता में छाए जिले के युवा

**फतेहाबाद।** राज्य स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताओं में फतेहाबाद जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों में कानून संबंधी ज्ञान, सामाजिक जागरूकता और रचनात्मकता का प्रभावशाली समन्वय देखने को मिला। फतेहाबाद जिले ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, पावर प्वाइंट प्रस्तुति में द्वितीय स्थान तथा स्किट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की। विजेता टीम के फतेहाबाद पहुंचने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल व सीजेएम गायत्री ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे इसी प्रकार निरंतर मेहनत कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते रहें। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पीडीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने शिविर में किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भट्टूकलां

**भट्टूकलां।** हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत आज खाबड़ा कलां स्थित पीडीएम स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी प्रवीण शर्मा, जिला योग को-ऑर्डिनेटर भारती चौहान एवं जिला नोडल अधिकारी अंबिका पांटा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयुष योग शिक्षक राजेंद्र और टीजीटी ज्योति ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर की गई थी। इसके तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, शिक्षण संस्थानों और सब-सेंटरों पर नागरिकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा है। योग शिक्षक राजेंद्र व दिनेश आर्या ने बताया कि दिन लगातार ऑनलाइन अटेंडेंस लगाने के बाद विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता गिजरोईया सहित अन्य मौजूद रहे।



भट्टूकलां। विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार करवाते योग शिक्षक।

---

### चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यशाला

# डिजिटल तकनीक में साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौतीः प्रो. विक्रम

*विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर मजबूत पासवर्ड बनाने के टिप्स दिए*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक के तेजी से बढ़ते उपयोग के साथ साइबर सुरक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जहां जीवन को आसान बना रहा है, वहीं इंटरनेट के दुरुपयोग से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूकता, सतर्कता और सही डिजिटल आदतें अपनाना अत्यंत आवश्यक है। प्रो. विक्रम मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर सीडीएलयू में जागरूकता कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। प्रो. विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया पर सोच-समझकर जानकारी साझा करने, मजबूत पासवर्ड अपनाने और ओटीपी व बैंक संबंधी विवरण किसी के साथ साझा न करने का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।



सिरसा। सीडीएलयू में कार्यशाला को संबोधित करते प्रो. विक्रम सिंह।

#### ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ रहे

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रमेश शर्मा ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए प्रत्येक नागरिक को डिजिटल स्वच्छता के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने डीपफेक, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी और फर्जी लिंक के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी सूचना या संदेश पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग तथा डेटा गोपनीयता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस कार्यशाला में साइबर थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की और एआई कॉन्टेंट के लाभ व नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन डॉ दीपक द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान पोस्टर एवं दृश्य माध्यमों के माध्यम से सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, एआई आधारित धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया सावधानियां और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश साझा किए गए।



फतेहाबाद। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते विद्यार्थी।

#### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**फतेहाबाद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खारा-खेड़ी में विकसित भारत हेतु विविध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 150 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएम श्री स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांगड़ से डॉ. शारदा प्राचार्य और डीएवी पुलिस स्कूल प्राचार्य अमिता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत करते हुए विज्ञान एवं विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व पर प्रकाश डाला । विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल से निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनी में रखे गए मॉडल मुख्य रूप से निम्नलिखित आधुनिक विषयों पर केंद्रित थे।